# सरकार द्वारा ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग का प्रयोग – परामर्श पत्र का सारांश

## संक्षिप्त विवरण

आस्ट्रेलियाई सरकार इस बारे में सुसंगत नियम बनाने पर विचार कर रही है कि सरकारी एजेंसियां ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग (ADM) प्रणालियों का उपयोग किस प्रकार करेंगी। ये नियम नए कानूनों का हिस्सा हो सकते हैं या इन प्रणालियों का उपयोग करने वाली एजेंसियों के लिए दिशानिर्देशों में हो सकते हैं।

ये परिवर्तन रोबोडेट योजना (Robodebt Scheme) पर रॉयल कमीशन के जवाब के तौर पर हैं। रॉयल कमीशन ने सिफारिश की कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार कानूनों में बदलाव पर विचार करे। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ADM प्रणालियां अपेक्षानुसार काम करती हैं, तथा वैध एवं निष्पक्ष हैं तथा मानवाधिकारों का सम्मान करती हैं।

## इस परामर्श के बारे में

हम ADM के बारे में आपके अनुभव और विचार जानना चाहेंगे। इससे हमें ADM का उपयोग करने वाली सरकारी एजेंसियों के लिए नियम बनाने में मदद मिलेगी।

परामर्श पत्र का यह सारांश ADM के बारे में कुछ प्रमुख मुद्दों और पृष्ठभूमि को रेखांकित करता है। यह संपूर्ण परामर्श पत्र का सारांश है। यह संपूर्ण पत्र उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो और अधिक तकनीकी मुद्दों पर फीडबैक देना चाहते हैं।

इस परामर्श पत्र में नियमों के विकल्प सरकार के अंतिम विचार नहीं हैं। हम ADM के उपयोग के लिए नियम निर्धारित करते समय आपकी फीडबैक (प्रतिक्रिया) पर विचार करेंगे।

## अपने विचार कैसे साझा करें

फीडबैक देने के 2 तरीके हैं:

- **ऑनलाइन सर्वेक्षण**: ऑनलाइन सर्वेक्षण भरें। सर्वेक्षण के प्रश्न ADM और सरकारी निर्णयों के साथ आपके अनुभवों पर केंद्रित हैं। आपको सभी प्रश्नों का उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है।
- **लिखित प्रस्तुति**: संपूर्ण परामर्श पत्र पर लिखित प्रतिक्रिया भेजें। हम अनुशंसा करते हैं कि आप पहले पूरा परामर्श पत्र पढ़ें।

परामर्श **13 नवंबर 2024** को शुरू होगा और **15 जनवरी 2025** को बंद होगा।

## ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग (अपने आप से फैसले लेना) के बारे में

ADM एक प्रक्रिया है जहाँ एक सरकारी एजेंसी निर्णय लेने के लिए कंप्यूटर प्रोग्राम का उपयोग करती है। उदाहरण के लिए, यह निर्णय लेने के लिए कि किसी व्यक्ति को सामाजिक कल्याण भुगतान, वीज़ा या लाइसेंस मिल सकता है या नहीं। कंप्यूटर प्रोग्राम किसी व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर स्वयं निर्णय ले सकता है। या यह किसी व्यक्ति को निर्णय लेने में सहायता करने के लिए जानकारी प्रदान कर सकता है।

## ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग (अपने आप से फैसले लेने) के लाभ और जोखिम

ADM से सरकारी एजेंसियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल सकती है। इससे एजेंसियों को बड़ी संख्या में निर्णय लेने के साथ साथ अधिक तेज एवं अधिक सटीक निर्णय लेने में मदद मिल सकती है। यह व्यवसायों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यवसाय को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के बारे में तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता हो। विलंब होने से व्यवसाय के संचालन पर काफ़ी अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

लेकिन ADM का उपयोग करते समय जोखिम भी हो सकते हैं। उदाहरण के लिए:

- कंप्यूटर प्रोग्राम गलत कानून लागू कर सकता है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि कानून में परिवर्तन होने पर प्रोग्राम को अपडेट नहीं किया गया था।
- हो सकता है कि निर्णय अनुचित हो। ऐसा तब हो सकता है जब प्रोग्राम में पुरानी या गलत जानकारी का उपयोग किया गया हो।

## ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग (अपने आप से फैसले लेने) के उपयोग के लिए संभावित नियम

अधिकारों की रक्षा के लिए हमारे पास पहले से ही कुछ नियम लागू हैं। उदाहरण के लिए, हमारे पास स्पष्ट, निष्पक्ष और वैध होने से संबधित नियम हैं। चाहे निर्णय किसी व्यक्ति द्वारा लिया जाए या फिर किसी कंप्यूटर द्वारा, ये नियम लागू होते हैं।

ADM के लिए अलग-अलग जोखिमों को कम करने के लिए हम नियमों में बदलाव कर सकते हैं और उनमें नए नियम शामिल कर सकते हैं। हमने नीचे कुछ विकल्पों की व्याख्या की है।

### ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग (अपने आप से फैसले लेने) के उपयोग को स्वीकार करें

सरकारी एजेंसियों को इस बारे में यथासंभव स्पष्ट होना चाहिए कि वे सेवाएं प्रदान करने के लिए ADM का उपयोग कब और कैसे करती हैं। इससे सरकार में विश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है।

यह सुनिश्चित करने के लिए नियमों के उदाहरण कि सरकारी एजेंसियां ADM के उपयोग के बारे में अधिक स्पष्ट हैं:

- एजेंसी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करती है कि वह कुछ सेवाओं के लिए ADM का उपयोग करती है।
- एजेंसी अपनी वेबसाइट पर यह संक्षिप्त विवरण देती है कि कंप्यूटर प्रोग्राम किस प्रकार निर्णय लेता है।
- एजेंसी आपको निर्णय बताते समय यह बताती है कि क्या उन्होंने आपके बारे में निर्णय लेने के लिए ADM का उपयोग किया था।
- एजेंसी ADM के अपने उपयोग के बारे में आंकड़े प्रकाशित करती है।

### जोखिम का आकलन करें

हम ऐसे नियम बना सकते हैं जिनसे यह सुनिश्चित हो सके कि एजेंसियां ADM का उपयोग करने से पहले किसी भी जोखिम का आकलन करती हैं और उनसे निपटती हैं।

कुछ जोखिम ADM के लिए अधिक चिंताजनक हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, मानवाधिकारों, गोपनीयता और डेटा सुरक्षा से जुड़े जोखिम। नियमों में यह शामिल हो सकता है कि ADM प्रणालियों के लिए एजेंसियों को कौन से जोखिम का आकलन करना होगा।

### सुनिश्चित करें कि प्रणाली काम कर रही है

ADM का उपयोग करने वाली एजेंसियों के लिए, हम यह सुनिश्चित करने के लिए नियम बना सकते हैं कि प्रणाली सही ढंग से काम कर रही है। उदाहरण के लिए, एक नियम यह आवश्यक बना सकता है कि कोई एजेंसी नियमित रूप से यह जांच करे कि ADM प्रणाली ठीक वैसे काम कर रही है जैसे इसे करना चाहिए। इसमें यह जांच करनी शामिल है कि प्रणाली का निर्माण और संचालन करने के लिए प्रयोग किया गया डाटा अच्छी गुणवत्ता का है और अप-टु-डेट (नवीनतम) है।

## अधिकारों की रक्षा करें और निर्णयों के बारे में स्पष्टता में सुधार करें

किसी एजेंसी द्वारा निर्णय लेने के लिए ADM का उपयोग करने के बाद, हम अधिकारों की रक्षा करने और स्पष्टता में सुधार करने के लिए नियम बना सकते हैं। उदाहरण के लिए:

- ADM द्वारा की गई गलती किसी व्यक्ति द्वारा ठीक की जा सकती है।
- एजेंसी बताती है कि ADM प्रणाली ने यह निर्णय क्यों लिया।
- आप ADM द्वारा लिए गए निर्णय की समीक्षा के लिए निवेदन कर सकते हैं। आप आम तौर पर किसी व्यक्ति द्वारा लिए गए निर्णय के लिए ऐसा कर सकते हैं। हम इस बात पर विचार करेंगे कि क्या ADM के निर्णयों को चुनौती देने के लिए अतिरिक्त अधिकार होने चाहिए।